

02

दहेज में शगुन के तौर पर केवल 1 रुपया लेकर दिया सकारात्मक संदेश

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

स्कूल बैग व लंच बॉक्स पाकर खिले बच्चों के चेहरे



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 26 अप्रैल, 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी, मूल्य 2.00 रुपए


# साहूपुरा में सुप्रिया ढांडा ने दिया व्याख्यान

**बल्लभगढ़।** सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में एक अतिथि व्याख्यान दिया गया। यह व्याख्यान इतिहास विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ सुप्रिया ढांडा द्वारा विद्यालय के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हुआ। व्याख्यान का विषय इतिहास विषय में रोजगार की संभावनाएं रहा।



अतिथि व्याख्यान में संबोधन करते हुए

डॉ. सुप्रिया ढांडा ने अपने वक्तव्य में बताया कि आधुनिक युग प्रतियोगी परीक्षाओं का युग है आज एक सेवादार से लेकर आईएएस अफसर तक की नौकरी प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर मिलती है और इन परीक्षाओं में लगभग तीस से चालीस प्रश्न इतिहास विषय से संबंधित होते हैं, ऐसे परिप्रेक्ष्य में इतिहास विषय बेहद महत्त्वपूर्ण हो जाता है इसलिए इतिहास विषय को रटने की बजाए समझने पर बल देना चाहिए। अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, के इतिहास विषय के प्राध्यापक सुरेंद्र ने अंत में डॉ. सुप्रिया ढांडा का इस अतिथि व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।